आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में आयोजित बैठक के दौरान जलापूर्ति और सड़कों के सुधार की स्थिति की समीक्षा की ।
2. 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के सिलसिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।
3. आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।
4. सीएफओ नाला स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत कार्य के मद्देनजर 11 अक्तूबर तक सड़क बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान द्वीपों में जल आपूर्ति की समग्र स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव, शहर विकास के आयुक्त–सह–सचिव, जिला उपायुक्त तथा अंडमान लोक निर्माण विभाग और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान द्वीपसमूह में वर्तमान जल उपलब्धता का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया गया। उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों को जल संकट से निपटने के लिए तैयार की गई जल कार्य योजना के तहत निर्धारित समय–सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अल्पकालिक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए ताकि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उपराज्यपाल ने रटलैंड चरण दो के शेष कार्य को दिसंबर तक पूरा किया जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बर्मानाला, लाल मिट्टी और जुंजुनाला जैसे जल–समृद्ध स्रोतों से पानी को नई जल आपूर्ति योजनाओं के माध्यम से जल–कमी वाले क्षेत्रों में योजनाओं को युद्ध स्तर पर शुरू करने व पूरा करने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने प्रमुख जल अवसंरचना परियोजनाओं में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जल आपूर्ति से जुड़ी जनशिकायतों को प्राथमिकता देने और जारी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के

निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने जारी जल आपूर्ति कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की निगरानी करने तथा समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में जर्जर सड़कों के सुधार और नई सड़कों के निर्माण के संबंध में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में, लोक निर्माण विभाग ने कल लोक निवास में आयोजित बैठक के दौरान प्रस्तावित सड़क निर्माण परियोजनाओं पर एक प्रस्तुति दी। बैठक में उपराज्यपाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग–4 पर कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड को परियोजना में तेजी लाने तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभाग को पारदर्शी निविदा प्रक्रियाओं और आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए परियोजना की नियमित निगरानी और निर्माण कार्यों के समय पर समाप्त करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय, की ओर से 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के सिलसिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय थीम 'हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी' पर आधारित है। इस दौरान मुख्य सेविकाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय कर्मचारी अपने–अपने क्षेत्रों में पोषण रैलियों, खाना पकाने के प्रदर्शन, स्वास्थ्य एवं विकास–निगरानी गतिविधियों, जागरूकता सत्रों और सामुदायिक स्तर की गतिविधियों का नेतृत्व कर रहे हैं।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान की 6वीं वर्षगांठ के अवसर पर, मध्योत्तर अंडमान के एकीकृत व्यसनमुक्ति पुनर्वास केंद्र ने चाइल्ड हेल्पलाइन और उच्च शिक्षण संस्थानों के सहयोग से महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बकुलतला में पूर्व–जागरूकता कार्यक्रमों का

आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने विद्यार्थियों से नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने व अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। आईआरसीए के परियोजना समन्वयक ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों और मानस हेल्पलाइन–1933 के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><><>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2026–27 के लिए ऑडिट के दायरे में आने वाले करदाताओं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब आयकर रिटर्न 31 अक्टूबर के बजाय 21 नवंबर तक दाखिल किए जा सकेंगे। साथ ही, टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख भी 30 सितंबर से बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है।

<><><><><><><><>

सीएफओ नाला स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत कार्य के मद्देनजर आज से 11 अक्तूबर तक पुल पर आवाजाही और सड़क बंद करने का आदेश जारी किया गया है। मध्योत्तर अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कार्यपालक अभियंता को स्टील बेली ब्रिज का मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय की ओर से 14 से 28 सितंबर, तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी को बढ़ावा देने और सरकारी कामकाज में इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी, कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया

गया। इस अवसर पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

उधर, पुलिस मुख्यालय में भी आयोजित हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बीच, इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय में भी हिन्दी पखवाड़े का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस समारोह में हस्ताक्षर अभियान, राष्ट्रीय वेबिनार तथा अंतर विद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा, आज से नौ अक्टूबर तक श्री विजयपुरम परीक्षा केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के ई–प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में गणित विषय के द्विवर्षीय बी.एड. डिग्री पाठ्यक्रम में एक रिक्त पड़ी सीट पर प्रवेश के लिए परामर्श लिया जाएगा। परामर्श 3 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे कॉलेज में रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>